# इस बार चुनाव कुछ अलग तरह से

## कलेक्ट्रेट के चारों ओर बैरिकेडिंग कर बंद किए रास्ते, वकीलों की अफसरों से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैदल आवाजाही पर भी लगा दी थी रोक, वकीलों से तकरार के बाद दी छूट
- कलेक्ट्रेट चौराहे के तीनों रास्तों पर लगाए गए हैं बैरिकेड, लोगों की परेशानी बढ़ी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के नामांकन के लिए पहली बार काफी अलग व्यवस्था की गई है। कलेक्ट्रेट गेट के सामने सड़क के दोनों ओर बैरिकेडिंग के साथ इधर-उधर के और रास्ते भी बंद कर दिए गए और पैदल आवाजाही भी बंद करा दी गई। इस पर वकील भड़क गए। उनकी पुलिस कर्मियों से नोकझोंक हुई। बार पदाधिकारियों ने पुलिस अफसरों से बातचीत की तो पैदल निकलने की छूट दी गई।

नामांकन के लिए पुलिस-प्रशासन ने कचहरी और सदर तहसील को जाने वाले मोड़ पर बैरिकेडिंग करके इन रास्तों पर आवाजाही पर रोक लगा दी है। ऐसा पहली बार किया गया है। इसके अलावा दामोदर पार्क से कलेक्ट्रेट गेट की ओर जाने से पहले बैरिकेडिंग की गई है। कलेक्ट्रेट परिसर से करीब 200 मीटर के दायरे में तीन तरफ तीन बैरिकेडिंग होने से लोगों को आने-जाने में भारी समस्या हुई।


बैरिकेडिंग से निकलते बुजुर्ग अधिवक्ता।

सुबह 10.30 बजे कुछ वकील बाइक से कचहरी जाने के लिए निकले, लेकिन रास्ता बंद पाया तो भड़क गए। बैरिकेडिंग पर पुलिस कर्मियों से उनकी कहासुनी हो गई। बार के पदाधिकारियों तक मामला पहुंचा तो बार सचिव बीपी ध्यानी कई पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने एसपी क्राइम और सीओ से बात की। कहा कि वकीलों को सड़क से प्रवेश दिया जाए। वे अपने वाहन पार्किंग में खड़े करेंगे। पुलिस अधिकारियों से कहा कि बेवजह की पाबंदियां ठीक नहीं है। जैसे-तैसे मामला शांत हुआ। शुरू में पुलिस ने पैदल आवाजाही भी रोक दी थी लेकिन वकीलों की आपत्ति के बाद पैदल निकलने की छूट दे दी।


बैरिकेडिंग के कारण स्कूली बच्चों को भी परेशानी से जूझना पड़ा।


नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट के बाहर की गई बैरिकेडिंग का विरोध करते वकीलों को समझाते पुलिस अधिकारी।


गेट पर लोगों की चेकिंग करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# बरेली के लिए 25, आंवला के लिए बिके 17 पर्चे, दाखिल एक भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा, सपा, बसपा समेत 42 उम्मीदवारों ने लिए पर्चे, सुरक्षा रही चाक चौबंद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन बरेली सीट के 25 और आंवला सीट के 17 उम्मीदवारों के लिए करीब सवा सौ नामांकन पत्र खरीदे गए। हालांकि दाखिल एक भी नहीं हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अधिसूचना जारी किए जाने के बाद पूर्वाह्न 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। बरेली सीट के लिए नामांकन के लिए डीएम रविंद्र कुमार अपने कोर्ट में और आंवला के रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ जगप्रवेश एडीएम वित्त एवं राजस्व के कोर्ट में मौजूद रहे।

बरेली सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन, उनकी पत्नी सुप्रिया ऐरन, बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार समेत करीब 25 उम्मीदवारों की ओर से पर्चे लिए गए। आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नीरज मौर्य, बहुजन क्रांति पार्टी के छोटेलाल, अखिल भारतीय राज्य आर्य सभा के मुनेश सिंह, आजाद संगठन पार्टी की सुनीता, भारत जोड़ो पार्टी के अमीर खां समेत 17 प्रत्याशियों ने पर्चे लिए। दोनों सीटों के लिए 42 उम्मीदवारों के लिए चार-चार सेट में पर्चे लिए गए। पर्चे खरीदने के लिए ज्यादातर उम्मीदवारों के प्रतिनिधि पहुंचे थे। शनिवार और रविवार को सरकारी अवकाश होने की वजह से नामांकन नहीं होंगे। कलेक्ट्रेट के अंदर से लेकर बाहर, बैरिकेडिंग, बैरियर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सीओ, कई इंस्पेक्टर, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे।


आवाजाही बंद होने से कलेक्ट्रेट के बाहर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

# किरकिरी : सपा जिला उपाध्यक्ष को एयरपोर्ट गेट से लौटाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस्लाम साबिर के पास पर मिलने पहुंचे अखिलेश यादव से, चेकिंग में धरे गए
- एयरपोर्ट पर चेंजओवर के दौरान किसी भी नेता की पार्टी प्रमुख से नहीं हो सकी मुलाकात

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से त्रिशूल एयरपोर्ट पर मुलाकात तो किसी सपा नेता की नहीं हो पाई लेकिन जिला उपाध्यक्ष तनवीर को हंसी का पात्र बनना था, सो बन गए। पूर्व विधायक इस्लाम साबिर के पास पर एयरपोर्ट पहुंचे तनवीर यहां जांच में धर लिए गए, इस पर उन्हें गेट से ही लौटा दिया गया।

अखिलेश शुक्रवार को पूरनपुर में चुनावी सभा के लिए लखनऊ से हवाई जहाज से पहुंचे थे। यहां से उन्हें हैलीकॉप्टर से जाना था। चेंजओवर के दौरान एयरपोर्ट पर उनका बरेली के सपा नेताओं से मुलाकात का भी कार्यक्रम तय था लेकिन लखनऊ में देरी होने से यह कार्यक्रम गड़बड़ा गया। जिस रनवे पर उन्हें उतरना था, उसी से बेंगलुरू की फ्लाइट जानी थी, जिसके जाने के बाद उनका हवाई जहाज उतर पाया। पहले से काफी देर हो जाने की वजह से अखिलेश हवाई जहाज से उतरकर सपा नेताओं की तरफ हाथ हिलाते हुए सीधे हैलीकॉप्टर में जाकर बैठ गए। मुलाकात नहीं हो पाई।

एयरपोर्ट पर अखिलेश यादव से मुलाकात के लिए पार्टी ने विधायक अताउर रहमान, शहजिल इस्लाम, प्रवीण सिंह ऐरन, भगवन सरन गंगवार, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, संजीव यादव, प्रमोद बिष्ट, रवींद्र यादव और पूर्व विधायक इस्लाम साबिर के पास बनवाए थे। अखिलेश के निर्देश पर अताउर सुबह ही कार से पूरनपुर चले गए। भगवत पहले से पूरनपुर में थे। इस्लाम साबिर बीमार हो गए। उनके पास पर जिला उपाध्यक्ष तनवीर विधायक शहजिल इस्लाम की गाड़ी से एयरपोर्ट पहुंचे, लेकिन वहां पासधारक सपा नेताओं की आईडी चेक की गई तो तनवीर आईडी नहीं दिखा पाए। इस पर उन्हें गेट से ही लौटा दिया गया।

# मेयर के बचाव में उतरे सुशील पाठक, बोले-कुर्मी समाज के नाम पर आपत्ति जताने वाले दलाल

- ब्राह्मण समाज के खिलाफ कोई अभद्रता बर्दाश्त न करने की दी चेतावनी, भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल भी मौजूद थे सभा में फिर भी दिया जा रहा तूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मेयर उमेश गौतम की पैरवी में अब साईं खाटू श्याम मंदिर के महंत सुशील पाठक मैदान में उतर आए हैं। शुक्रवार को उन्होंने कुर्मी समाज के नाम पर मेयर की कथित टिप्पणी का विरोध करने वालों को दलाल करार देते हुए चुनौती दी कि ब्राह्मण समाज के लिए कोई अपशब्द या अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


साईं मंदिर में ब्राह्मण समाज की ओर से की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस।

सुशील पाठक ने ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि के तौर पर बुलाई प्रेस कॉन्फ्रेंस ने कहा कि कथित टिप्पणी का विरोध कर रहे लोग किसी पार्टी के नहीं है बल्कि पैसे के लिए काम करने वाले दलाल हैं। ये लोग ब्राह्मण और कुर्मी समाज को बांटने और लड़ाने का काम कर रहे हैं। जिसने उन्हें पैसे दिए हैं, उसी की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने चुनौती दी कि विरोध करने वालों में से कोई भी निर्दलीय चुनाव लड़ ले, उसे वास्तविकता का पता चल जाएगा। पाठक ने मेयर का बचाव करते हुए कहा कि जिस ऑडियो का विरोध किया जा रहा है, उसमें मेयर ने किसी शख्स का नाम नहीं लिया है। इसके बावजूद कुर्मी समाज इसे संतोष गंगवार से जोड़कर मेयर के इस्तीफे की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेयर जिस सभा में बोल रहे थे, उस सभा में भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार भी मौजूद थे।

महंत ने कहा कि संतोष गंगवार और मेयर एक साथ हैं। वे आपस में मंच साझा कर रहे हैं और प्रत्याशी की जीत के लिए प्रयासरत हैं। इस मामले को बेवजह तूल दिया जा रहा है। यह साजिश कभी कामयाब नहीं होने दी जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरुण शुक्ला, नीलिमा पाठक, मुकेश शर्मा, विष्णु देव पाठक, मदन लाल शर्मा आदि भी मौजूद थे।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024

अगर आपके पास मतदाता पहचान पत्र (EPIC) नहीं है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमन्य इन 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक अपने साथ लेकर पोलिंग बूथ जाएं और अपनी पहचान स्थापित करें

01 आधार कार्ड
02 मनरेगा जॉब कार्ड
03 बैंक/डाकघर की फोटोयुक्त पासबुक
04 स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी)
05 ड्राइविंग लाइसेंस
06 पैन कार्ड
07 स्मार्ट कार्ड (एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी)
08 भारतीय पासपोर्ट
09 पेंशन दस्तावेज (फोटोग्राफ सहित)
10 फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी)
11 आधिकारिक पहचान पत्र (सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए)
12 विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड)

मतदाता सूची में अपना नाम चेक करें और बनें जागरूक मतदाता

# मैं हूं ना ✓

QR CODE FOR CEO WEBSITE
QR CODE FOR VOTER HELPLINE APP


वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम
NOTHING LIKE VOTING, I VOTE FOR SURE

मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https://voters.eci.gov.in तथा https://voterportal.eci.gov.in अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट https://ceouttarpradesh.nic.in पर अपने Mobile No. द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

#एक वोट देश के लिए

अपने क्षेत्र में मतदान की तिथि जानने के लिए इस QR कोड को स्कैन करें

voiceofvotersup | @ceoup | ceo_up | @ceoup | हेल्पलाइन : 1950/1800 180 1950 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

पंचम स्कंदमाता

पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।
बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।
पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# स्मार्ट सिटी : स्काई वॉक पर दुकानों का निर्माण अब लोकसभा चुनाव के बाद

## लिफ्ट और एस्केलेटर का काम पूरा, आचार संहिता के चलते टेंडर की प्रक्रिया रुकी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर के पटेल चौक पर बने स्काई वॉक का काम नगर निगम ने अपने हिस्से का पूरा कर दिया, लेकिन बिजली कनेक्शन और दुकानों का निर्माण होना बाकी है। अफसरों का दावा है कि जून में लोगों के लिए स्काई वॉक खोल दिया जाएगा।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत स्काईवॉक के निर्माण पर 11.34 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, लेकिन समय से काम पूरा न होने के कारण अभी तक लोगों को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। स्मार्ट सिटी अफसरों का



कहना है कि निर्माण तो पूरा हो गया है पर आचार संहिता लगने से इसको संचालित करने की टेंडर प्रक्रिया रुक गई है। टेंडर लेने वाले ठेकेदार को ही करीब पचास ई क्योस्क का निर्माण कराकर लोगों को देना होगा।

### सीढ़ियों के साथ लिफ्ट से भी जा सकेंगे

स्काईवॉक का पर जाने के लिए चार सीढ़ियां, एक एस्केलेटर लगाया गया है। साथ ही एक लिफ्ट नगर निगम की तरफ और दूसरी लिफ्ट चौकी चौराहा आने वाली रोड पर बनाई गई है। इन दोनों लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने का काम पूरा हो चुका है। लोगों की सुविधा के लिए स्काईवॉक के ऊपर ई-क्योस्क बनाया जाना है। इसमें छोटी दुकानें खोली जाएंगी, जिसमें खाने पीनी की वस्तुएं होंगी।

### नवंबर में ही हो जाना था काम पूरा

स्काई वॉक का काम कार्यदायी कंपनी को 30 नवंबर 2023 तक पूरा करना था, लेकिन 31 दिसंबर तक पूरा नहीं हुआ। इस पर कंपनी को चेतावनी दी गई। इसके बाद जनवरी तक काम पूरा करने का निर्देश दिया गया। फिर काम अधूरा रह गया। अब काम पूर तो गया है लेकिन आचार संहिता की वजह से दुकानों के निर्माण का टेंडर नहीं हो पर रहा है।

आचार संहिता हटने के बाद बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद शहर के लोगों के लिए स्काई वॉक खुल जाएगा। इसके होने से लोगों को काफी फायदा होगा।
**निधि गुप्ता वत्स**, सीईओ, स्मार्ट सिटी,

# कुतुबखाना इलाके में चार घंटे बिजली गुल रहने से हुई परेशानी

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में बिजली गुल होने से लोग बेहाल हो रहे हैं। मरम्मत कार्य की वजह से लगातार बिजली कटौती की जा रही है। कुतुबखाना इलाके में शुक्रवार को चार घंटे बिजली गुल रहने से लोग परेशान हो गए। शुक्रवार को कुतुबखाना उपकेंद्र के सराय खाम फीडर की सप्लाई 11 केवी लाइन और एलटी लाइन पर काम करने के वजह से सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बंद रही। इससे आजमनगर, पुराना रोडवेज बस अड्डा, बांस मंडी और अन्य इलाके प्रभावित हुए।

**आज यहां गुल रहेगी बिजली**

मरम्मत की वजह से सिविल लाइंस और कुतुबखाना क्षेत्र में शनिवार को भी कई घंटे बिजली कटौती की जाएगी। सिविल लाइंस प्रथम विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं, सराय खाम फीडर की सप्लाई सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी।

## सार-संक्षेप

### मां कूष्मांडा की पूजा के लिए मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**बरेली, अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मां कूष्मांडा की पूजा की। चौरासी घंटा मंदिर में महिलाओं ने भजन कीर्तन कर देवी का गुणगान किया। नेकपुर ललिता देवी मंदिर, नौ देवी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। वहीं, घट स्थापना वाले घरों में भक्तों ने सुबह पूजा कर दोपहर में कीर्तन किया।

### शिवशक्ति मंदिर में भजन गाकर प्रभु का गुणगान



**बरेली, अमृत विचार :** हरि मिलाप शिव शक्ति मंदिर में हरि नाम संकीर्तन में दूसरे दिन शुक्रवार को भजन गायक जगदीश भाटिया ने प्रस्तुति दी। वहीं, नवसंवत 2081 के उपलक्ष्य में कथा हुई, जिसमें पठानकोट के अतुल शास्त्री ने बताया कि हृदय की प्रियता से ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। कलयुग में अन्य किसी साधन में इतना समर्थ नहीं है। एकमात्र हृदय की प्रियता ही ईश्वर को सहज हमारी ओर आकर्षित करती है। अंत में राधा नाम लेकर कथा का विश्राम हुआ। मुख्य यजमान, भावना सेठी और राम सेठी रहे। नीतू सेठी, संदीप वाधवा ,मोहित अग्रवाल, मुकेश साहनी, अभिषेक अरोड़ा, प्रिंस खुराना, जितेंद्र साहनी आदि का सहयोग रहा।

### मॉडल टाउन गुरुद्वारे पर अलौकिक कीर्तन दरबार



**बरेली, अमृत विचार :** खालसा साजना दिवस (बैसाखी पर्व) की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को अलौकिक कीर्तन दरबार मॉडल टाउन गुरुद्वारे पर हुआ। इसमें पंथ के जगतार सिंह (आनंदपुर साहिब), जसपाल सिंह दिल्ली का शबद कीर्तन हुआ। कीर्तन दरबार को भव्य तरीके से सजाया गया। ज्ञानी जगतार सिंह ने खालसा साजना दिवस का इतिहास सुनाया। शनिवार को मुख्य दीवान खालसा ग्राउंड पीलीभीत रोड कुर्मांचल नगर के सामने सजेगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से सायं 4 तक चलेगा। संगत को लाने और ले जाने के लिए बसों का विशेष प्रबंध किया गया है। अमृत संचार 14 अप्रैल को गुरुद्वारा गुरु गोविंद सिंह नगर में होगा।

### रोटरी मंडलाध्यक्ष विवेक गर्ग को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी भवन में शुक्रवार को रोटरी मंडल 3110 के मंडलाध्यक्ष विवेक गर्ग को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में मनोनीत गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी ने बताया कि मंडलाध्यक्ष विवेक गर्ग का गंभीर बीमारी के कारण 8 अप्रैल को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह मंडल 3110 को नई उचाइयों पर ले जाना चाहते थे। पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने उनके रक्तदान के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में बताया। पूर्व मंडलाध्यक्ष किशोर कटरू ने कहा कि उनकी स्मृति में सर्वाधिक रक्तदान करने वाले क्लब को शील्ड प्रदान की जाएगी। संजय अग्रवाल, देवेश बंसल, मुकेश माहेश्वरी, अनिल गुप्ता, मोहन गुप्ता, राज गोपाल खट्टर,रजनीश अग्रवाल, ज्ञानेंद्र गुप्ता, राजीव बुबना, डॉ डीसी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### राकेश बने आयकर कर्मचारी महासंघ के शाखा अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** आयकर कर्मचारी महासंघ बरेली शाखा का शुक्रवार को चुनाव हुआ, जिसमें राकेश कुमार सिंह को अध्यक्ष, कमलेश कुमार मौर्य उपाध्यक्ष, कुलदीप गंगवार को सचिव, अरविंद कुमार को संयुक्त सचिव और संजय कुमार कौशल को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस दौरान आयकर कर्मचारी महासंघ लखनऊ सर्किल के महासचिव रवींद्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

### ईद पर फॉगिंग मशीन के लिए दी धनराशि



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कॉलोनी में ईद मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कॉलोनी में रह रहे मुस्लिम समाज के लोगों ने रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को उपहार स्वरूप फागिंग मशीन के लिए 20 हजार की धनराशि प्रदान की। मशीन के जरिए कॉलोनी में मच्छरों को भगाने के लिए दवा का छिड़काव हो सकेगा। एसोसिएशन के जयंती प्रसाद ने कहा कि एसोसिएशन को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कालोनी के लोग आगे आएं। राजेश गौड़ ने काव्य पाठ किया।

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# सेंट फ्रांसिस और डीपीएस ने जीते मैच

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन शुक्रवार को सेंट फ्रांसिस कान्वेंट ने पुलिस मार्डन स्कूल सिविल लाइंस को 5 विकेट से हरा दिया। जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल ने मानस स्थली स्कूल पर 182 रन से शानदार जीत दर्ज की। सेंट फ्रांसिस के लिए 6 विकेट लेने वाले सुखप्रीत को और 2 रन देकर मानस स्थली के 5 विकेट लेने वाले डीपीएस के लक्ष्य मैन आफ द मैच रहे।

पहला मैच सेंट फ्रांसिस कान्वेंट और पुलिस मार्डन स्कूल के बीच हुआ। इसमें पुलिस मार्डन स्कूल की टीम ने 15.2 ओवर में 100 रन बनाए। सेंट फ्रांसिस की टीम ने 11.4 ओवर में ही 5 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। दूसरा मैच में मानस स्थली और डीपीएस के बीच हुआ। डीपीएस की टीम ने 20 ओवर में 265 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मानस स्थली की टीम 13.2 ओवर में 83 रन पर पैवेलियन लौट गई। पहला क्वार्टर फाइनल मिशन एकेडमी और पीएमश्री केवी एनईआर के बीच और दूसरा क्वार्टर फाइनल राधा माधव सीनियर सेकेंडरी और डीपीएस के बीच शनिवार को होगा। तीसरा क्वार्टर फाइनल पुलिस लाइन पीएसी और सेंट फ्रांसिस कान्वेंट, चौथा क्वार्टर फाइनल विद्या वर्ल्ड और बेदी इंटरनेशनल के बीच सोमवार को होगा।

# गर्मी में दस और स्पेशल ट्रेनें चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अब तक 50 स्पेशल ट्रेनें चलाने का किया गया है एलान

**अमृत विचार :** रेलवे ने दस और स्पेशल ट्रेनें चलाने का शुक्रवार को एलान किया है। इससे पहले गुरुवार को चालीस ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया था।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 05115 और 05116 छपरा आनंद विहार टर्मिनल छपरा समर स्पेशल ट्रेन एक मई से 26 जून तक छपरा से प्रत्येक बुधवार और आनंद विहार टर्मिनल से गुरुवार को दो मई से 27 जून तक नौ फेरों के लिए संचालित की जाएगी। इसके अलावा 05023 गोरखपुर आनंद विहार टर्मिनल 28 अप्रैल से 30 जून तक गोरखपुर से रविवार और 29 अप्रैल से एक जुलाई तक सोमवार को 10 फेरों के लिए चलाई जाएगी। 05047 और 05048 बनारस आनंद विहार टर्मिनल को बनारस से 30 अप्रैल से 25 जून तक मंगलवार और आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस से एक मई से 26 जून तक बुधवार को नौ फेरों के लिए चलाया जाएगा। इसी तरह 05565 और 05566 सहरसा साप्ताहिक एक्सप्रेस को 18 अप्रैल से 27 जून तक गुरुवार को और 29 अप्रैल से 29 जून तक शनिवार को, 05531 और 05532 रक्सौल आनंद विहार टर्मिनल को 14 अप्रैल को एक फेरे और 28 अप्रैल से 30 जून तक 10 फेरों के लिए प्रत्येक रविवार को रक्सौल से और आनंद विहार टर्मिनल से 15 अप्रैल को एक फेरे और 29 अप्रैल से एक जुलाई तक 10 फेरों के लिए चलाया जाएगा।

### ब्लॉक के कारण राजधानी एक्सप्रेस प्रभावित

परसाखेड़ा रेलवे स्टेशन यार्ड की डाउन लाइन में शुक्रवार को साढ़े तीन घंटे का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान काम की वजह से 20506 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस को मार्ग में 40 मिनट नियंत्रित कर चलाया गया।

# डीजल चोरी की जांच को पहुंचे जीएम टेक्निकल

**बरेली, अमृत विचार :** परिवहन निगम के जीएम टेक्निकल एवं बरेली के नोडल अधिकारी अजीत सिंह ने शुक्रवार को सेटेलाइट और पुराने बस अड्डे का निरीक्षण किया। आरएम कार्यालय में उन्होंने समीक्षा बैठक में अफसरों के पेच कसे और डीजल आपूर्ति मामले की जांच की।

उन्होंने सेटेलाइट के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण पर नाराजगी जताई और जल्द व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी ने पाया कि बरेली और बदायूं डिपो का औसत ठीक नहीं आ रहा है। रात में बसों का संचालन भी ठीक से नहीं हो पा रहा है। जिसमें उन्होंने सुधार करने के निर्देश। उन्होंने कहा कि बरेली रीजन के किसी भी डिपो में बसों की कमी नहीं होना चाहिए। चुनाव में लगी रोडवेज बसों की ड्यूटी के बारे में जानकारी ली। वर्कशॉप से बस को निकालने से पहले टायर व अन्य उपकरणों को चेक करने के निर्देश दिए और निजी बसों को अनुबंध पर रखने की बात कही। नई बसें पर चालक आवंटन के निर्देश दिए। आरएम दीपक चौधरी, सेवा प्रबंधक धनजी राम, एआरएम संजीव श्रीवास्तव और अरुण कुमार वाजपेयी मौजूद रहे।



अफसरों के साथ जीएम टेक्निकल अजीत सिंह। ● अमृत विचार

- परिवहन निगम के जीएम टेक्निकल ने बस अड्डों का किया निरीक्षण डीजल आपूर्ति की जांच भी की

# मुंह की दुर्गंध से बचाव के लिए रोज दो बार करें ब्रश

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके मुंह से हमेशा बदबू आती है। ब्रश करने के बाद भी बदबू आनी बंद नहीं होती हैं। इसके कई कारण हैं, जैसे मुंह का सूखापन, मसूढ़ों की बीमारी, साइनस आदि। इसके अलावा मुंह की बदबू का प्राथमिक कारण बैक्टीरिया है। इससे बचाव के लिए दिन में कम से कम दो बार ब्रश करें, जीभ को साफ करें, ब्रश करने के बाद मुंह को अच्छे से धोएं ताकि बची हुई गंदगी साफ हो जाए। इसके अलावा ताजे फल और सब्जियां खाएं। दिन में अधिक से अधिक पानी पिएं, जिससे मुंह की स्वच्छता बनी रहे। नियमित डेंटल चेकअप उपाय है। उन्होंने बताया कि गंध छुपाने वाली टेबलेट के इस्तेमाल से पहले अपने दंत चिकित्सक से परामर्श लेना अनिवार्य है।

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आज बारिश के आसार

- अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से जिले में शनिवार और रविवार को आंधी और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। पिछले तीन दिन से लगातार गर्मी हो रही है।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 38 और न्यूनतम सामान्य से 2.4 डिग्री कम 18.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मध्य क्षोभ मंडल में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ से बारिश होने की संभावना है। शनिवार को कहीं-कहीं पर गरज के साथ बौछार पड़ने का अनुमान है, जबकि रविवार को कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ही 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का पूर्वानुमान है। इससे तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की जाएगी। 15 अप्रैल से मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद फिर तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। फिलहाल, दिन में लोग गर्मी से बेहाल रहे।

### गर्मी में बढ़ रहे मानसिक रोगी

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के साथ मानसिक चिकित्सालय की ओपीडी में मरीजों संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में सेरोटोनिन रसायन में संतुलन नहीं होने पर मानसिक बीमारियां बढ़ जाती हैं। शुक्रवार को अस्पताल में 545 रोगी पहुंचे। इनमें सबसे अधिक 75-100 मरीज घबराहट, बेचैनी की समस्या से ग्रस्त थे। डिप्रेशन, हाइपरमेनिया, बाइपोलर एंग्जायटी, अचानक हाथ कांपना, पसीना आना समेत अन्य बीमारियां के भी मरीज आ रहे हैं। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एसआर वर्मा ने बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह से मरीजों की संख्या बढ़ी है। पहले प्रतिदिन करीब 400 मरीज आते थे, अब इनकी संख्या 500 से ज्यादा हो गई है। इनमें सर्वाधिक रोगी एंग्जायटी के आते थे। अस्पताल की निदेशक डा. साधना अग्रवाल ने बताया कि मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ओपीडी परिसर में नए दवा काउंटर बनाया गया है।

# आज मनाया जाएगा उस्ताद जमन हसन राजा खां का उर्स

**बरेली, अमृत विचार :** आला हजरत के छोटे भाई उस्तादे जमन हजरत अल्लामा हसन रजा खां (हसन बरेलवी) का 119 वां उर्स शनिवार को दरगाह तहसीनी और सिटी कब्रिस्तान पर मनाया जाएगा। उस्तादे जमन का मजार सिटी कब्रिस्तान में है। उर्स शरीफ दरगाह तहसीनी के सज्जादानशीन मौलाना हस्सान रजा खां नूरी की सरपरस्ती में होगा।

इस संबंध में दरगाह तहसीनी के मीडिया प्रभारी सगीर उद्दीन नूरी ने बताया कि सुबह 9 बजे सिटी कब्रिस्तान पर चादर पोशी और गुल पोशी और फातिहा ख्वानी होगी। उसके बाद दरगाह आला हजरत पर गुलपोशी, नातो मनकबत और फातिहाख्वानी होगी। मगरिब की नमाज के बाद कांकर टोला स्थित दरगाह तहसीनी पर महफिले नातो मनकबत और साढ़े नौ बजे उस्तादे जमन का कुल शरीफ होगा। इसके बाद महताब तहसीनी की ओर से लंगर तकसीम किया जाएगा। इशा की नमाज नूरानी मस्जिद में साढ़े आठ बजे अदा की जाएगी।

### इसी महीने से तीन सौ बेड अस्पताल के आवासों में रह रहे अस्थाई कर्मियों से वसूला जाएगा किराया

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल परिसर के आवासों में रहने वाले अस्थाई कर्मियों का किराया निर्धारित कर दिया गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार इसी महीने के मानदेय से किराया कटना शुरू हो जाएगा। अस्पताल परिसर में चिकित्सक, स्टाफ नर्स, टेक्निकल स्टाफ, वार्ड ब्वॉय के लिए टाइप 1 से लेकर टाइप 5 तक के आवास उपलब्ध हैं। टाइप-1 से लेकर 2 तक के लिए पांच हजार रुपये किराया और बिजली बिल, टाइप- 3 और 4 में आठ हजार रुपये किराया निर्धारित किया गया है।

### कोई धर्म बुरा नहीं, हर धर्म में अच्छे-बुरे लोग होते हैं



**बरेली, अमृत विचार :** श्री दरबार साहिब अमृतसर के पूर्व मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जगतार सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना कर खालसा फौज तैयार की। बोले- कोई धर्म बुरा नहीं होता है। हर धर्म में अच्छे और बुरे लोग होते हैं, इसीलिए गुरु गोविंद सिंह ने उस समय हर धर्म के संत की रक्षा एवं बुरे व्यक्ति के विरुद्ध खड़े होने की प्रथा चलाई थी। गुरु गोविंद सिंह ने कहा था कि व्यक्ति किसी भी धर्म से जुड़ा हो, उसे अपने धर्म में रहकर प्रभु के सिमरन एवं इबादत की इजाजत है। वह शुक्रवार को मॉडल टाउन गुरुद्वारे में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलना ही किसी दिवस को सफल बनाता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को होने वाले अमृत संचार में अमृतपान कर गुरु साहिब के पुत्र कहलवाने का हिस्सा बनें। बताया कि गुरु नानक देव ने किसी धर्म को बढ़ाने का नहीं बल्कि इंसान को इंसान बनने का उपदेश दिया। पूरी वाणी में व्यक्ति को मनुष्य, प्राणी, आदमी, इंसान कह कर संबोधित किया गया है, जो किसी भी धर्म या जाति से हो सकता है। मलिक सिंह कालरा, सतवंत सिंह चड्ढा आदि मौजूद रहे।

### अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन 12 मई से

**बरेली, अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसाइटी की ओर से शुक्रवार को खंडसारी नाथ मंदिर परिसर में कार्यकारिणी बैठक हुई, जिसमें 12 और 13 मई को होने पर वैवाहिक परिचय सम्मेलन पर चर्चा की गई। नारी शक्ति के सम्मान में युवतियों का निशुल्क रजिस्ट्रेशन के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं, 75 वर्ष से ऊपर के अग्र बंधुओं के सम्मान करने का निर्णय लिया गया। संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल एडवोकेट, अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, महामंत्री दिनेश कुमार अग्रवाल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल,मीडिया प्रभारी हर्ष कुमार अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल एडवोकेट, विजय कृष्ण गोयल, देवेश अग्रवाल मौजूद रहे।


School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

M.S. Convent School
Gopal Nagar, Near Abhishek Sweets, Sanjay Nagar, Bareilly
Pre NC to 8th
English Medium Co-Education (Based on CBSE Pattern)
Features :
- Education By Smart Classes (projector)
- Well Educated Teachers
- Fully Airy Classroom
- Vehicle Facility is Available (Van, Rickshaw)
ADMISSION OPEN
M.: 9411007501, 8410361612, 8218345868

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25
शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : ● 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर ● सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य ● स्मार्ट कक्षाएं ● डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन ● सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण ● छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध ● परिवहन सुविधा उपलब्ध ● खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी

नोट : ● पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा ● नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ ● नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अतः शीघ्र करें ● प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082





डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामबाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# किन्नर से करा दी युवक की शादी, साल भर बाद खुला भेद

## रिठौरा का मामला, कुछ परिचितों ने तय कराया था रिश्ता

**रिठौरा, अमृत विचार :** हाफिजगंज क्षेत्र में एक युवक की शादी कुछ लोगों ने मध्यस्थता करके एक किन्नर से करा दी गई। साल भर बाद जब यह भेद खुला तो युवक और उसके परिवार वालों के पैरों तले जमीन खिसक गई। युवक की ओर से अब पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

युवक की शादी करीब साल भर पहले हुई थी। कुछ परिचितों के माध्यम से ही रिश्ता हुआ था। युवक का आरोप है कि शादी होने के बाद एक बार भी पत्नी ने उसे शारीरिक संबंध नहीं बनाने दिए। वह जब भी उसके पास जाता था, वह उससे दूर भागने लगती थी। कुछ दिन उसने समझा कि वह शर्म-संकोच और डर की वजह से इन्कार कर रही है लेकिन कई

**● शादी के बाद से नहीं आने देती थी पास, पुलिस से शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

महीने बाद भी यही सिलसिला बना रहा। कई बार उसने जिद की तो उसने धमकियां देनी शुरू कर दीं। कई बार उसने जबर्दस्ती करने पर पूरे परिवार के साथ उसे जेल भिजवाने की धमकी दे डाली।

कुछ ही दिन पहले उसे पता चला कि उसकी शादी जिससे कराई गई है, वह लड़की नहीं बल्कि किन्नर है। इसके बाद उसने जब पूछताछ की तो पहले तो वह लड़ने के लिए तैयार हो गई लेकिन बाद में उसने स्वीकार कर लिया कि वह लड़की नहीं है। युवक ने इसके बाद पूरी बात अपने परिवार के लोगों को बताई तो वे भी हैरान रह गए।

युवक का आरोप है कि उसने अपने ससुराल वालों से शिकायत की तो उन्होंने भी उसे और उसके परिवार वालों को धमकियां देनी शुरू कर दी। शुक्रवार को उसने थाने जाकर पुलिस से लिखित शिकायत की। पुलिस ने शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गांव में चर्चा का विषय बना मामला

किन्नर से युवक की शादी का मामला खुलने के बाद अब गांव में चर्चा का विषय बन गया है। युवक और उसके परिवार वालों का कहना है कि उनके साथ भारी धोखा किया गया है। शर्म के मारे वे लोग अब गांव में मुंह नहीं दिखा पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी बनी किन्नर घर के बाकी सभी कामकाज सामान्य ढंग से करती थी इसलिए उन्हें कभी उस पर शक नहीं हुआ।

# छत से गिरकर युवक की मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज क्षेत्र में एक युवक नशे में देसी शराब की दुकान की कैंटीन की छत से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। युवक की मां ने हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस इसे हादसा मान रही है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में युवक शराब पीता दिखाई दे रहा है।

युवक की पहचान बिशारतगंज के वार्ड नंबर- दो निवासी दीपक (23) के रूप में हुई। धर्मपाल की पत्नी कन्यावती ने शुक्रवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा दीपक कुमार गुरुवार की शाम बिशारतगंज के बाजार में गया था। सूचना मिली कि कस्बे में देसी शराब की दुकान के पास दीपक बेहोशी की हालत में पड़ा है। पुलिस ने दीपक को सीएचसी मझगवां भेजा, जहां से उसे डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में कस्बा इंचार्ज एसआई अरविंद कुमार ने बताया कि देसी शराब की दुकान के पास में कैंटीन बनी है। जिसकी छत पर लोग शराब पीते हैं।

## सार-संक्षेप

### अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत



**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के संत मंगल पुरी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को परीक्षाफल उप प्रबंधक बाबा अरविन्द गिरी की अध्यक्षता में वितरित किया गया। अच्छे अंक लाने वाले छात्रों को प्रबंध समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। उप प्रबंधक ने कहा कठिन परिश्रम से ही छात्रों को सफलता मिलती हैं, जो शार्टकट के चक्कर में पड़ते हैं अक्सर उन्हें भविष्य में निराशा का ही सामना करना पड़ता हैं। प्रधानाचार्य सोनू गुप्ता, उप प्रधानाचार्य सुभाष गंगवार, सपा विधानसभा अध्यक्ष सुरेश गंगवार, ओमकार आर्य आदि ने छात्रों का हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर शेर सिंह, वीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राम वीर, ब्रह्मा स्वरुप, राम किशोर आदि उपस्थित रहें। मंच संचालन परीक्षा प्रभारी धर्मवीर गंगवार ने किया।

### ईद मेले में समाज सेवियों का किया सम्मान



**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया मैदान पर चल रहे ईद मिलन समारोह एवं मेले में दूसरे दिन शुक्रवार को समाजसेवियों का सम्मान किया गया। बड़ों के साथ बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। खानपान के स्टाल पर लोगों की भीड़ रही। मुशायरा भी हुआ। सूफी अब्दुल वाजिद खान बब्बू मियां, हजरत पाशा मियां नियाजी, शीरोज सैफ कुरैशी, सलमान शम्सी, सलीम रजा, सम्मी रजा, मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी आदि मौजूद रहे।

### घर में घुसकर चाकू से किया हमला

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला वंजारन के कफील अहमद ने दी तहरीर में कहा है कि उसके घर में छह- सात लोग उसके घर में घुस आए और गालियां देने लगे। इस दौरान उसके घर में मां व बहन थी। आरोपियों ने वकील अहमद के ऊपर चाकू से प्रहार कर दिया जिससे उसकी अंगुली कट गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### तीसरे दिन श्रद्धालुओं को सुनाई ध्रुव चरित्र की कथा



**शेरगढ़, अमृत विचार :** नगरिया कलां में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक संध्या शास्त्री ने ध्रुव चरित्र की कथा का करूणामयी प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि हमें ध्रुव के आदर्शों को जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुखद जीवन जीने की ओर उन्मुख किया तथा ऐसे कार्यक्रमों में बढ़कर कर सहभागिता करने को प्रेरित किया तथा श्रद्धालुओं को पितृ भक्ति का बोध कराया। उन्होंने कहा कि भक्त ध्रुव की भक्ति अनुकरणीय है ऐसे महान व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर कोमिल प्रसाद राठौर, बलवंत सिंह गंगवार, देवेंद्र राठौर, नत्थूलाल गंगवार, चौधरी लाल सिंह, मुकुट लाल, राजकुमार गंगवार, सत्यपाल शर्मा समेत अन्य लोग रहे।

# चाची से दुष्कर्म की कोशिश, शोर मचाने पर भागा

**आंवला, अमृत विचार :** एक युवक ने सगी चाची से दुष्कर्म की कोशिश की। चीख पुकार करने पर युवक धमकी देकर फरार हो गया। महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। वह घर में अकेली रहती है। उसने आरोप लगाया कि उसके जेठ का बेटा सुबह के समय एक अन्य युवक के साथ घर में आ गया और उसे बुरी नियत से दबोच लिया। उसने उससे दुष्कर्म की कोशिश की। चीख पुकार करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार ने बताया शिकायत मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# बरेली कॉलेज में साइकिल स्टैंड पर विवाद, फौजी से की मारपीट

**बरेली ,अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में साइकिल स्टैंड पर टोकन खोने पर विवाद हो गया। स्टैंड पर मौजूद कर्मचारियों ने फौजी के साथ बेल्टों से मारपीट की, जिसमें फौजी की आंख में चोट आई है। मारपीट की सूचना पर फौजी के साथी भी पहुंच गए। चीफ प्रॉक्टर ने पुलिस बुलाकर स्टैंड संचालक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने घायल फौजी का मेडिकल कराया है, हालांकि अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

बरेली कॉलेज में तृतीय पाली में फौजी रिंकू मिश्रा परास्नातक की परीक्षा देने आए थे। उन्होंने अपना वाहन पूर्वी गेट के साइकिल स्टैंड पर खड़ा किया था। शाम को 6 बजे परीक्षा खत्म होने के बाद वह स्टैंड पर वाहन लेने गए लेकिन उनका टोकन खो गया था। इसी बात पर स्टैंड पर मौजूद कर्मचारियों ने फौजी

**● टोकन खोने पर हुआ झगड़ा परीक्षा देने आया था फौजी**

से झगड़ा शुरू कर दिया। जब फौजी ने विरोध किया तो स्टैंड वाले ने अपने साथियों को बुला लिया। उसके समर्थन में कुछ छात्रनेता भी पहुंच गए और फौजी की पिटाई शुरू कर दी। बेल्ट से पिटाई करने पर फौजी घायल हो गया। इस दौरान फौजी के साथी भी पहुंचे । सूचना पर चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ मौके पर पहुंचे और झगड़े को शांत किया और उन्होंने बारादरी पुलिस को सूचना दी। बारादरी पुलिस ने फौजी को मेडिकल के लिए भेजा। वहीं स्टैंड संचालक राजू को पकड़कर ले गई। स्टैंड पर फौजी का बेटा और कर्मचारी थे। बारादरी इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि फौजी का मेडिकल कराया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे नाले में मिला युवक का शव

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव घंघोरा-घंघोरी में सड़क किनारे नाले में एक युवक का शव मिला। युवक की पहचान प्रहलादपुर भोजीपुरा निवासी महेंद्र शर्मा (32) के रूप में हुई। महेंद्र भोजीपुरा में निजी मेडिकल कॉलेज की मेस में काम करता था।

महेंद्र दिमाग से थोड़ा कमजोर था और उसे दौरे भी पड़ते थे। रोजाना की तरह गुरुवार को वह ड्यूटी कर साइकिल से घर आ रहा था। महेंद्र की पत्नी पूरन देई पिछले छह महीने से रुद्रपुर में अपने दोनों बच्चों के साथ रह रही है। पत्नी के घर पर न रहने से महेंद्र परेशान रहता था। महेन्द्र का बड़ा भाई धर्मवीर भी मंदबुद्धि है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि महेंद्र को मिर्गी के दौरे आते थे। ऐसे में हो सकता है कि दौरा आने के दौरान वह नाले में गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई होगी।

# भजन गायिका ने मचाया जानलेवा हमले का शोर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** चंडीगढ़ से भजन संध्या करके वापस आ रहीं भजन गायिका अंजली द्विवेदी की कार में ईको कार सवार लोगों ने टक्कर मार दी। भजन गायिका ने बरेली पुलिस अधिकारियों को एक्स पर पोस्ट करके जानलेवा हमले की शिकायत की है। हालांकि फतेहगंज पश्चिमी पुलिस का कहना है कि मामूली नोकझोंक के बाद जानलेवा हमले का आरोप लगाया जा रहा है।

अंजली ने बताया कि शुक्रवार को वह चंडीगढ़ सेक्टर 52 से भजन संध्या कर बरेली लौट रही थीं। उनकी कार जैसे ही फतेहगंज पश्चिमी के पास पहुंची, वैसे ही ईको ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर ईको से उतरे छह-सात लोग उनसे अभद्रता करने लगे। उन्होंने फतेहगंज पश्चिमी

**● पुलिस ने कहा- मामूली विवाद के बाद कुछ लोगों से हुई थी नोकझोंक**



पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंचती इससे पहले आरोपी कार लेकर भाग गए। भजन गायिका के अनुसार चार दिन पहले उन्हें कुछ लोगों ने धमकी भी दी। अंजली ने वीडियो वायरल करके बताया कि वह धमकियों से डरने वाली नहीं है। वह अपना काम पूरी निष्ठा के साथ करतीं रहेंगी। वह सनातन विरोधी गतिविधियों से नहीं डरेंगी। वहीं फतेहगंज पश्चिमी पुलिस के अनुसार अंजली द्विवेदी के कार मालिक पंकज द्विवेदी की ओर से दी गई तहरीर में भी हमले जैसी बात नहीं है। विरोध करने पर ईको कार सवार अभद्रता करने लगे थे।

# ई रिक्शा चालक ने घर में फंदे से लटककर दी जान

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी नाराज ई रिक्शा चालक ने गले में रस्सी डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को बगैर सूचना दिए परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। बेटे की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। 21 वर्षीय ई रिक्शा चालक युवक अर्जुन नाराज हो गया। गुरुवार को वह फतेहगंज पश्चिमी को ई रिक्शा लेकर गया था।शाम को वापस घर भी आया था। खाना खाने के बाद गांव में घुमने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। रात करीब 11 बजे किसी परिजन ने खिड़की से देखा तो वह छत के कुंडे से गले में रस्सी बांधकर झूल रहा था। किसी तरह दरवाजा तोड़कर उसे उतारकर परिजन रात में ही बरेली अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को परिजनों ने गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# 63 दिनों से धरने पर भूदाता प्रशासन बना मूक दर्शक

**संवाददाता,आंवला**

**अमृत विचार :** इफको में रोजगार पाने की चाहत में भूदाता किसान भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के सामने 63 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। परंतु तहसील प्रशासन मूक दर्शक बना बैठा है।

इफको संयंत्र की शुरुआत से किसान रोजगार पाने के लिए संघर्ष करते आ रहे है। भूदाता किसान कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके है। किसानों के ऊपर लाठियां भी भांजी गईं। परंतु उनका मनोबल कम नहीं हुआ। इससे पहले किसानों ने लगातार 13 माह तक धरना प्रदर्शन किया था। किसानों के आगे झुके इफको प्रशासन ने तत्कालीन एसडीएम की मौजूदगी में रोजगार से वंचित किसानों को रोजगार देने का वादा कर लिखित समझौता किया था। जिसमें माह में 24 दिन योग्यता के आधार पर रोजगार देने की सहमति बनी थी। किसानों का आरोप है कि लिखित समझौते के बावजूद भी उन्हें रोजगार नहीं दिया गया। इफको अधिकारी औपचारिकता दिखाने लिए ठेकेदारों के यहां काम करने की कहते हैं। ठेकेदार माह में 24 दिन के स्थान पर 5 से दिन रोजगार देने की बात कहते है। ठेकेदार जानबूझकर किसानों से शौचालय का सफाई कराते हैं। ताकि किसान काम छोड़कर चले जाएं। किसानों ने कहा उनकी जमीन इफको ने ली है। इसलिए वह लोग इफको टाइम आफिस से जॉब कार्ड की मांग कर रहे हैं। उनकी मांगे पूरी न होने तक वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगें।

### स्कूल में दुआ कराने के मामले में दिया ज्ञापन

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के एक निजी स्कूल में ईद से पहले कार्यक्रम में सामूहिक रूप दुआ करते हुए रील बनाने के मामले में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, वहीं शुक्रवार को एबीवीपी ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने बीईओ और तहसीलदार की संयुक्त टीम बनाकर मामले की जांच कराई है, जिसकी रिपोर्ट दोनों अधिकारियों ने एसडीएम को सौंप दी है। इस मामले की जानकारी जब विहिप के जिला गोरक्षा टोली प्रमुख उदित शर्मा ने तहरीर देने के साथ ही अधिकारियों को पोस्ट किया था। शुक्रवार को एबीवीपी के नगर मंत्री सचिन गंगवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम गोविंद सिंह मौर्य को ज्ञापन देकर विद्यालय में नमाज पढ़ाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने बताया कि मामले में बीईओ व तहसीलदार से जांच कराई गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

### कार की टक्कर से युवक का पैर टूटा, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव चनेहटी निवासी सुमन पत्नी श्याम बाबू ने बताया। कि 3 अप्रैल को सुबह साढ़े दस बजे उनका बेटा मुनीश लालफाटक से अपने घर जा रहा था। इसी बीच प्रकाश कालोनी के पास चनेहटी बरकलीगंज निवासी रितेश साहू पुत्र सूरज साहू ने तेज रफ्तार में कार चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। जिससे वह वहीं घायल होकर गिर गया। और उसका पैर टूट गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की मां की तहरीर पर कैंट पुलिस ने शुक्रवार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चुनावी रंजिश में घर में घुसकर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** चुनावी रंजिश में प्रधानपति ने साथियों के साथ एक व्यक्ति के घर में घुसकर मारपीट की। बिथरी पुलिस ने पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव पदारथपुर निवासी सईद खां ने बताया कि प्रधान का पति विरासत अली खां उनसे पंचायत चुनाव से रंजिश मानता है। 11 अप्रैल को आरोपी विरासत अपने साथी फिरासत अली खां, फईम खां, तस्लीम खां और गबड़े खां को साथ लेकर उनके रिश्तेदार यामीन खां के घर में घुस आया। आरोपियों ने गालीगलौज और मारपीट की। हमले में यामीन खां को चोटें आई हैं। पुलिस ने विरासत, फिरासत अली खां, फईम खां, तस्लीम खां और गबड़े खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# गेहूं के अवैध संचरण और टैक्स चोरी पर लगाए रोक



सर्किट हाउस में गेहूं खरीद की समीक्षा करते प्रमुख सचिव आलोक कुमार।

**बरेली, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने शुक्रवार को अफसरों को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में गेहूं का अवैध संचरण और टैक्स चोरी न होने पाए। उन्होंने जिला प्रशासन को इसकी जिम्मेदारी सौंपी। उत्पादन के अनुसार गेहूं की आवक पर लगातार निगरानी करने के आदेश मंडी परिषद को दिए।

प्रमुख सचिव मंडलीय अफसरों के साथ गेहूं खरीद की सर्किट हाउस में समीक्षा कर रहे थे। भारतीय खाद्य निगम से कहा कि उनकी ओर से यह सुनिश्चित किया जाए कि गेहूं का उतार तेजी से होता रहे। प्रमुख सचिव ने कहा कि कोशिश की जाए कि 24 घंटे में भुगतान किया जाए। बरेली और बदायूं के अफसरों को आदेश दिए कि, शाहजहांपुर और पीलीभीत की तरह यहां भी कारोबार मंडी में ही कराएं। उन्होंने क्रय केंद्रों के लिए आदेश किया रोजाना 500 क्विंटल गेहूं खरीद कराई जाए। मंडल में गेहूं खरीद के निर्धारित लक्ष्य 11.29 लाख मीट्रिक टन की पूर्ति हर हाल में कराने पर जोर दिया। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीएम व जिला खरीद अधिकारी सौरभ दुबे , संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, डीडी मंडी, जेडीए, डीआर कॉपरेटिव, एसआरएओ आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर पर लिया ऋण जमा न करने पर रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने अपनी ही डीलरशिप से फर्जी दस्तावेज से ट्रैक्टर बेचकर चार लाख का घोटाला कर लिया। आरोपी ने न तो दस्तावेज जमा किए और न ही किश्त जमा कर रहा हैं। एजेंसी मालिक ने परेशान होकर कोर्ट के आदेश पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई। दिनेश कुमार प्रबंधक राम फाइनेंस ने सिविल जज सीडी द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से शिकायत कर बताया कि उसकी शाखा से निपेंद्र निवासी ग्राम नगरिया कल्याणपुर , कृपाल ऑटो मोबाइल नैनीताल रोड बहेड़ी बाईपास बहेड़ी से ट्रैक्टर बेचने का कार्य करता है और उसने दस्तावेज तैयार कर अपनी ही डीलरशिप से एक ट्रैक्टर बेचकर 4,00,000 रुपये ऋण प्राप्त किया था। जिसमें मोहम्मद यावर निवासी नियर प्राइमरी स्कूल ग्राम शेखूपुर थाना व पोस्ट बहेड़ी बरेली को गारंटर बनाया गया था। नियमानुसार वाहन का मूल रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट बीमा व अन्य दस्तावेज जमा करने होते हैं जो अभी तक शाखा कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराए है। कई बार मूल पंजीकृत प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा करने के लिए फील्ड ऑफिसर ने मौखिक रूप से और कई बार नोटिस नोटिस भी दी, फिर भी दस्तावेज जमा नहीं किए

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**आवश्यकता है**
फिल्टर बीड़ी कंपनी को पार्ट टाइम सेल्समैन की, अपना वाहन अनिवार्य है।
सम्पर्क करें-(सुबह 9-11 बजे तक)
पता- गोपी डिस्पोजल, निकट पुलिस चौकी चौराहा मिनी बाईपास सेवाधाम कॉलोनी, कर्मचारी नगर बरेली
मो. 8630810386

**मकान बिकाऊ है।**
100 वर्ग गज में पूर्ण निर्मित मकान (पश्चिम फेसिंग, 22 फिट फ्रन्ट एवं 22 फिट रोड पर) तुरन्त बिकाऊ है।
दिव्यानी एन्क्लेव, निकट धौरेरा माफी, बरेली
सम्पर्क करें-
9219151187, 9027539974

**सूचना**
पहले मेरा नाम JAVED HUSAIN था अब मैंने अपना नाम बदलकर JAVED HUSSAIN रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम JAVED HUSSAIN S/O ISRAR HUSAIN निवासी मो मुनीर खां जिला पीलीभीत के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**
मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम Ridhima Narula से बदलकर Riddhima Narula पुत्री Harsh Narula निवासी 66-B, मॉडल टाउन निकट हरि मंदिर थाना बारादरी बरेली यूपी कर लिया है। भविष्य में हम इसी नये नाम का प्रयोग करेंगे, सभी नोट करें।

**REQUIREMENT**
Wanted Experienced
PRT / TGT / PGT
Administration Assistants
Tally Accountants
Office Executive
Liaisoning Assistant
Computer Operator
ST. XAVIER SCHOOL
Sainik Vihar, Opp. Bareilly Cantt.
Chanehti, Bareilly
Mob. 8532045366

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

